सं.14013/01/2019-रा.भा. (नीति)
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एन.डी.सी.सी. ।। भवन, चौथा तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 02 नवंबर, 2023.

कार्यालय ज्ञापन

माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में गठित केंद्रीय हिंदी समिति की दिनांक 06.09.2018 को हुई 31वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा हिंदी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन दिल्ली क्षेत्र में ही किया जाना अपेक्षित है। इस विषय पर राजभाषा विभाग के दिनांक 21.01.2019 के का०ज्ञा० सं. 14013/01/2019-रा.भा.(नीति) द्वारा सभी मंत्रालयों/विभागों को पूर्व में सूचित किया गया था।

किंतु यह देखने में आया है कि अभी भी मंत्रालयों/विभागों द्वारा समय-समय पर दिल्ली से बाहर हिंदी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है जो कि केंद्रीय हिंदी समिति में लिए गए निर्णय की अवहेलना है। इसके साथ-साथ यह भी उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के मुख्यालय दिल्ली क्षेत्र में ही स्थित हैं, इस परिप्रेक्ष्य में हिंदी सलाहकार समिति की बैठक यदि दिल्ली से बाहर होती है तो सभी सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों को दिए जाने वाले यात्रा और दैनिक भत्ते का बोझ संबंधित मंत्रालय/विभाग पर पड़ता है जो कि मितव्ययिता की दृष्टि से उचित प्रतीत नहीं होता ।

उपर्युक्त के आलोक में सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे अपने मंत्रालय/विभाग की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक नई दिल्ली में ही कराना सुनिश्चित करें ।

इसे माननीय गृह राज्य मंत्री (ए.एम.) के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

मीनाक्षी जौली

(डॉ. मीनाक्षी जौली)
संयुक्त सचिव (राजभाषा)

सेवा में,

सभी मंत्रालयों के संयुक्त सचिव (प्रशा./राजभाषा) ।